# विषय–व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्यिक भूगोल

**Set-B**

**नोट :** सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) अहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक के लिए 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(i) दोहरे-संयोग की उपस्थिति किस विनिमय प्रणाली में लागू होती है ?

(अ) मुद्रा विनिमय (ब) वस्तु विनिमय

(स) अप्रत्यक्ष विनिमय (द) मुद्रा एवं वस्तु विनिमय दोनों

(ii) जिस बाजार में प्रतियोगिता का पूर्ण अभाव होता है, उसे कहते हैं–

(अ) पूर्ण बाजार (ब) अपूर्ण बाजार

(स) एकाधिकार बाजार (द) पूर्ण एवं अपूर्ण बाजार

(iii) ''लगान भूमिपति को भूमि की मौलिक एवं अविनाशी शक्तियों के प्रयोग के लिए दिया जाता है।'' किसने कहा ?

(अ) प्रो. रिकार्डो (ब) प्रो. मार्शल

(स) प्रो. पीगू (द) श्रीमती जॉन रॉबिन्सन

(iv) निम्नलिखित में से कौन राजस्व की विषय सामग्री नहीं है ?

(अ) सार्वजनिक व्यय (ब) निजी व्यय

(स) सार्वजनिक व्यय (द) सार्वजनिक ऋण।

(v) प्रथम पंचवर्षीय योजना कब लागू हुई ?

(अ) 15 मार्च, 1950 (ब) 1 जनवरी, 1951

(स) 1 अप्रैल, 1947 (द) 1 अप्रैल, 1951

1. **(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) वितरण में श्रमिकों को श्रम के बदले .......... मिलता है।

(ii) जिस मजदूरी का भुगतान मुद्रा के रूप में किया जाता है, उसे ............ मजदूरी कहते हैं।

**(iii) जिस बजट में व्यय, आय से अधिक होता है, उसे ............ बजट कहते हैं।**

**(iv) प्रत्यक्ष करों की चोरी को ............ कहते हैं।**

**(v) पंचवर्षीय योजना ............ वर्षों के लिए तैयार किया जाता है।**

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द)**

2. स्थानीय बाजार किन वस्तुओं का होता है ?

**3. क्या सहसम्बन्ध ऋणात्मक हो सकता है ? स्पष्ट कीजिए।**

**4. एकाधिकार का अर्थ लिखिए।**

**5. अपकिरण को समझाइए।**

**6. आर्थिक नियोजन की दो विशेषताएँ लिखिए।**

**7. डंकल प्रस्ताव क्या है ?**

**8. उत्तर भारत में नहरें अधिक हैं। क्यों ? कोई दो कारण दीजिए।**

**9. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी बिहारी में स्थित होने के दो कारण दीजिए।**

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द)**

**10. डेविड रिकार्डो के लगान सिद्धांत को केवल रेखाचित्र बनाकर समझाइए।**

**11. अपूर्ण प्रतियोगिता और एकाधिकार में तीन अन्तर लिखिए।**

**12. कर के भार व कर के दबाव को उदाहरण सहित समझाइए।**

**13. अपकिरण के तीन उद्देश्य लिखिए।**

**14. खाद्य एवं व्यापारिक फसल में तीन अन्तर लिखिए।**

**15. भारतीय जूट उद्योग की दशा सुधारने के तीन उपाय सुझाइए।**

**निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द)**

**16. वास्तविक मजदूरी को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को समझाइए।**

**अथवा**

**भारत में ब्याज की दर ऊँची होने के चार कारणों को समझाइए।**

17. प्रत्यक्ष कर के चार गुण लिखिए।

**अथवा**

अप्रत्यक्ष कर के चार दोष लिखिए।

18. कार्ल पियर्सन के सहसम्बन्ध गुणांक के चार लक्षण लिखिए।

**अथवा**

स्पियरमैन के सहसम्बन्ध गुणांक के चार लक्षण लिखिए।

19. आर्थिक उदारीकरण में अपनाए गए कोई चार उपाए समझाइए।

**अथवा**

'गैट' समझौते से भारत के लिए सम्भावित दोषों को समझाइए (कोई चार)।

20. 7 प्रकार के लिपस्टिक में से दो लड़कियों द्वारा निम्न क्रय किए गए हैं। कोटि विधि द्वारा स्पियरमैन का सहसम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए–

| लिपस्टिक | A | B | C | D | E | F | G |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अनिशा | 2 | 1 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| हर्षा | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |

**अथवा**

निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन का सहसम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| x | : | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 |
| y | : | 15 | 25 | 30 | 40 | 45 |

21. भूमि कटाव के किन्हीं चार दुष्परिणामों को समझाइए।

**अथवा**

भारत की जलवायु का आर्थिक महत्व बताइए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द)

22. कपास के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं को लिखिए।

**अथवा**

भारत में सिंचाई के कोई पाँच महत्व लिखिए।

23. निम्न समंकों से चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| आकार | : | 15 | 12 | 9 | 8 | 6 | 14 | 10 |

**अथवा**

निम्न सूचनाओं से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक ज्ञात कीजिए–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| आकार | : | 15 | 12 | 9 | 8 | 6 | 14 | 10 |

24. अपूर्ण प्रतियोगिता के कोई पाँच लक्षण बताइए।

**अथवा**

क्या पूर्ण प्रतियोगिता एक कल्पना है? समझाइए।

25. पश्चिम बंगाल में कागज उद्योग के स्थानीयकरण के कोई पाँच कारण दीजिए।

**अथवा**

जूट उद्योग पश्चिम बंगाल में केन्द्रित होने के कोई पाँच कारण दीजिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द)

26. वस्तु विनिमय की किन्हीं छः समस्याओं को समझाइए।

**अथवा**

वस्तु की विशेषताएँ बाजार के विस्तार को कैसे प्रभावित करती हैं (कोई छः:)?

27. आर्थिक नियोजन की सफलता के लिए आवश्यक तत्वों को समझाइए।

**अथवा**

भारत में पंचवर्षीय योजनाएँ पूर्ण रूप से सफल नहीं हैं। कोई छः कारण दीजिए।